**MHV–010**

# एम. ए. ( हिन्दी व्यावसायिक लेखन )

# ( एम. ए. एच. वी. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2024

## एम.एच.वी.-010 : सिनेमा लेखन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *सभी खण्डों से निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

### खण्ड—क

**नोट :** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

2×20=40

1. कला के रूप में सिनेमा के अध्ययन पर प्रकाश डालिए।

2. साहित्य की किन-किन विधाओं का फिल्मांतरण संभव है और फिल्मांतरण के लिए साहित्यिक विधा में कौन-से मूल तत्व होने आवश्यक हैं ? उदाहरण देकर समझाइए।

3. सिनेमा और समाज के पारस्परिक संबंधों पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

## खण्ड—ख

**नोट :** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5×10=50

4. सिनेमा के निर्माता दर्शकों को हॉल तक लाने के लिए कौन-कौन से उपाय करते हैं ?

5. सिनेमा के स्टूडियो सिस्टम पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

6. किसी **एक** हिन्दी फिल्म का नारीवादी विमर्श की दृष्टि से मूल्यांकन कीजिए।

7. सिनेमा और लोक संस्कृति के आपसी संबंधों की विवेचना कीजिए।

8. क्या सिनेमा का गीत-संगीत दर्शकों के जीवन में पथ-प्रदर्शक व ऊर्जा का वाहक है ? स्पष्ट कीजिए।

9. पटकथा लेखन में मनोरंजन के महत्व को रेखांकित कीजिए।

10. दृश्य माध्यम की दृष्टि से सिनेमा और नाटक की भिन्नताओं पर प्रकाश डालिए।

11. साहित्यिक कृतियों के रूपांतरण की दृष्टि से सत्यजीत रे की फिल्मों का महत्व स्थापित कीजिए।

## खण्ड—ग

12. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 

$2 \times 5 = 10$

(क) सिनेमा की भाषा

(ख) मीजान्सेन

(ग) फिल्म की मार्केटिंग और बिक्री

(घ) शेक्सपियर के नाटक और भारतीय सिनेमा

(ङ) फिल्म पत्रिका 'माधुरी'

× × × × × × ×